# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, मुंबई

## भारतीय स्टेट बैंक में 300 विशेष प्रबंधन कार्यपालकों (बैंकिंग) की भर्ती

### विज्ञापन क्र. सीआरपीडी/एससीओ/2014-15/05

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन पत्र का ऑन-लाइन पंजीकरण** | | **24-07-2014 से 11-08-2014** |
| **शुल्क का भुगतान** | **ऑनलाइन** | **24-07-2014 से 11-08-2014** |
| | **ऑफलाइन** | **26-07-2014 से 13-08-2014** |

भारतीय स्टेट बैंक विशेष प्रबंधन कार्यपालकों (बैंकिंग) के पद पर भर्ती करने के लिए भारतीय नागरिकों से ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने का अनुरोध किया जाता है. विस्तृत विज्ञापन बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in पर "Careers with Us" लिंक के अंतर्गत उपलब्ध है.

**कृपया ध्यान दें:**

1. इस परियोजना के तहत एक उम्मीदवार सिर्फ एक पद के लिए आवेदन कर सकता है.
2. आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूरी होगी, जब शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि को या उससे पहले, ऑन-लाइन/ऑफ-लाइन के माध्यम से बैंक में शुल्क जमा किया जाएगा.
3. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया जाता है कि वे पात्रता की तिथि को इस पद पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. ऑनलाइन परीक्षा के लिए प्रवेश दस्तावेजों के सत्यापन के बिना पूर्ण रूप से अनंतिम होगा जब उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा तब उम्मीदवार के विवरणों / दस्तावेजों की जाँच की जाएगी.
4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अद्यतन के लिए बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in की "Careers with Us" लिंक देखें.

**रिक्त - पदों का ब्योरा:**

| पद | श्रेणी | रिक्त – पद | | | | | | | आयु 24.07.2014 को | | पात्रता मापदण्ड | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | एससी | एसटी | ओबीसी | सामान्य | कुल | पीडब्ल्यूडी | | | | शैक्षिक अर्हता | 31.08.2014 को अर्हता के बाद अनुभव |
| | | | | | | | ओएच | वीआई | न्यून. | अधि. | | |
| **पद: विशेष प्रबंधन कार्यपालक (बैंकिंग) एमएमजीएस III** | | | | | | | | | | | | |
| एमएसएमई | एमएमजीएस III | 24 | 12 | 44 | 85 | 165 | 3 | 2 | 25 वर्ष | 40 वर्ष | **सीए/आईसीडब्ल्यूए/एसीएस/ एमबीए/एमएमएस/पीजीडीबीए/पीजीपीएम/पीजीडीएम** (पाठ्यक्रम 2 वर्ष का संपूर्ण अवधि का होना चाहिए. पत्राचार/ अंशकालिक माध्यम से पूरा किया हुआ पाठ्यक्रम पात्र नहीं होगा. संस्थान सरकार, सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त/अनुमोदित होना चाहिए.)<br><br>स्नातक और एमबीए/एमएमएस/पीजीडीबीए/पीजीपीएम/ पीजीडीएम दोनों में न्यूनतम 60% अंक. (सीए/आईसीडब्ल्यूए/ एसीएस के मामले में, संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण होना पर्याप्त होगा) | 31.08.2014 को निम्न में से किसी एक संस्थान में अर्हता के बाद पर्यवेक्षी/प्रबंधन की भूमिका में एक कार्यपालक के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव:<br><br>अ) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक के सहयोगी या सहायक बैंक. अथवा<br><br>ब) सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्था/कंपनी में. |
| **पद: विशेष प्रबंधन कार्यपालक (बैंकिंग) – एमएमजीएस II** | | | | | | | | | | | | |
| डीएसएमई | एमएमजीएस II | 20 | 9 | 36 | 70 | 135 | 3 | 2 | 25 वर्ष | 35 वर्ष | **सीए/आईसीडब्ल्यूए/एसीएस/ एमबीए/एमएमएस/पीजीडीबीए/पीजीपीएम/पीजीडीएम** (पाठ्यक्रम 2 वर्ष का संपूर्ण अवधि का होना चाहिए. पत्राचार/ अंशकालिक माध्यम से पूरा किया हुआ पाठ्यक्रम पात्र नहीं होगा. संस्थान सरकार, सरकारी निकायों/एआईसीटीई द्वारा मान्यताप्राप्त/अनुमोदित होना चाहिए.)<br><br>स्नातक और एमबीए/एमएमएस/पीजीडीबीए/पीजीपीएम/ पीजीडीएम दोनों में न्यूनतम 60% अंक. (सीए/आईसीडब्ल्यूए/ एसीएस के मामले में, संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण होना पर्याप्त होगा) | 31.08.2014 को निम्न में से किसी एक संस्थान में अर्हता के बाद पर्यवेक्षी/प्रबंधन की भूमिका में एक कार्यपालक के रूप में कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव:<br><br>अ) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक/अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक की सहयोगी या सहायक बैंक. अथवा<br><br>ब) सार्वजनिक क्षेत्र या सूचीबद्ध वित्तीय संस्था/कंपनी में. |

| संक्षिप्त |
|---|
| एससी - अनुसूचित जाति |
| एसटी - अनुसूचित जनजाति |
| ओबीसी - अन्य पिछड़ा वर्ग |
| पीडब्ल्यूडी - विकलांग व्यक्ति |
| ओएच - अशक्त व्यक्ति |
| वीआई - मंद दृष्टि |

| स्केल संक्षिप्त | | वेतनमान (₹) | लगभग मासिक परिलब्धियां (₹) |
|---|---|---|---|
| **एमएमजीएस II** | मध्यक्रम प्रबंधन श्रेणी स्केल II | 19400-700/1-20100-800/10-28100 | 39,000/- |
| **एमएमजीएस III** | मध्यक्रम प्रबंधन श्रेणी स्केल III | 25700-800/5-29700-900/2-31500 | 52,000/- |

**टिप्पणी:**

1. जो उम्मीदवार ओबीसी श्रेणी से संबंधित हैं लेकिन "क्रीमी लेयर" में आते हैं, वे ओबीसी आरक्षण और आयु सीमा में छूट के हकदार नहीं होंगे. उन्हें अपनी यथा प्रयोज्य श्रेणी 'सामान्य' या 'सामान्य (ओएच/ वीएच)' के रूप में दर्शानी होगी.
2. दर्शायी गई अधिकतम आयु सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए है. ऊपरी आयु सीमा में छूट संबंधी विस्तृत जानकारी नीचे अनुच्छेद 1 बिंदु 'बी' के अंतर्गत उपलब्ध है.
3. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त – पदों सहित रिक्त पदों की संख्या अनंतिम हैं और बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है.
4. प्रतिमाह परिलब्धियां मुंबई में नियुक्ति के हिसाब से निकाली गई हैं. इसमें नियुक्ति के स्थान और समय – समय पर देय महंगाई भत्ते के प्रतिशत के अनुसार परिवर्तन हो सकता है.
5. पीडब्ल्यूडी के लिए आरक्षण समस्तर है और पद के लिए कुल रिक्त – पदों में शामिल है.

**1. पात्रता मापदंड:**

उम्मीदवारों को ऊपर निर्धारित पात्रता मापदंडों को पूरा करना होगा.

**अ) शैक्षिक अर्हता: ग्रेड अंक से प्रतिशत अंक तक रूपांतरण**

कुछ विश्वविद्यालय/संस्थान श्रेणी या अंकों का प्रतिशत नहीं देते हैं और कुल अंक आबंटित करते हैं (उदा. सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई आदि), ऐसे मामले में जब विश्वविद्यालय/संस्थान कुल ग्रेड अंक श्रेणी में और/या अंकों के प्रतिशत के रूपांतरण के लिए मापदंडों को परिभाषित करता है, वह स्वीकार किया जाएगा. तथापि, जहाँ विश्वविद्यालय/संस्थान कुल ग्रेड अंकों को श्रेणी में और/या अंकों के प्रतिशत के रूपांतरण के लिए मापदंडों को परिभाषित नहीं करता है, या डिग्री प्रमाणपत्र में श्रेणी का उल्लेख नहीं करते हैं, तब अपरिभाषित मानदण्ड रूप निम्नानुसार निकाले जाएंगे:

| समकक्ष सीजीपीए/ओजीपीए/सीपीआई या समान शर्तें, 10 पॉइंट स्केल पर आबंटित | श्रेणी/विभाजन | अंकों का कुल प्रतिशत |
|---|---|---|
| 6.75 | I (पहला) | 60% |
| 6.25 | II (दूसरा) | 55% |
| 5.75 | II (दूसरा) | 50% |

जहाँ कुल ग्रेड पॉइंट या अंकों के प्रतिशत दिए गए हैं, इसका मतलब पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान दिए गए कुल अंकों से होगा. जहाँ कुल ग्रेड अंक 10 के स्थान पर किसी अन्य संख्या से दिए गए हैं, वहाँ यह 10 में से सामान्य हो जाएंगे और ऊपर दिए गए विवरणों के अनुसार निकाले जाएंगे.

**ब) ऊपरी आयु सीमा में छूट**

| अ. क्र. | वर्ग | आयु सीमा में छूट |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (गैर-क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |
| 3. | विकलांग व्यक्ति (पीडब्ल्यूडी) | पीडब्ल्यूडी(एससी/एसटी) – 15 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (अन्य पिछड़े वर्ग) – 13 वर्ष<br>पीडब्ल्यूडी (सामान्य) – 10 वर्ष |
| 4. | भूतपूर्व सैनिक आपातकालीन कमीशन्ड अधिकारियों सहित कमीशन्ड अधिकारी (ईसीओएस)/शॉर्ट सर्विस कमीशन्ड अधिकारी (एसएससीओएस) जिन्होंने 5 वर्ष की सैन्य सेवा प्रदान की है और काम पूरा होने के बाद जारी किया गया है (इनमें वे भी शामिल होंगे जिनका आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से एक वर्ष के भीतर काम पूरा हो जाएगा). कदाचार या अकार्यक्षमता या शारीरिक अशक्तता के कारण सैन्य सेवाओं से निकाले गए या सेवा से बरखास्त किए गए व्यक्तियों को यह छूट प्राप्त नहीं होगी। | 5 वर्ष |
| 5. | सामान्यतः जम्मू और कश्मीर राज्य के कश्मीर डिवीजन में 01.01.1980 से 31.12.1989 तक रहनेवाले व्यक्ति | 5 वर्ष |

**क) अस्थि कमजोर (ओएच)/ मंद दृष्टि (वीआई) उम्मीदवारों के लिए टिप्पणियाँ:**

ओएच/वीएच उम्मीदवार जो संबंधित अशक्तता के 40% से कम पीड़ित न हो ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने की तारीख को या उससे पहले उनके पास विधिवत केंद्रीय या राज्य सरकार द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया गया अशक्तता प्रमाणपत्र होना चाहिए.

अ) सिर्फ़ वही ओएच उम्मीदवार जो चलने – फिरने में असमर्थ हो या जिन्हें मस्तिष्क पक्षाघात न्यूनतम 40% हो और सिर्फ़ वही जो निम्नलिखित श्रेणी में आते हैं, वे आवेदन के लिए पात्र हैं.

एमडब्ल्यू – मांसपेशियों में कमजोरी और सीमित शारीरिक सहनशक्ति

ओएल - एक पैर प्रभावित (दाहिना या बाया)

बीएल - दोनों पैर प्रभावित लेकिन हाथ प्रभावित नहीं

ओए - एक हाथ प्रभावित (दाहिना या बाया) (अ) चलने – फिरने में असमर्थता

(ब) पकड़ की कमजोरी

(क) अलेक्सिया

ब) सिर्फ़ वही दृष्टि कमजोर व्यक्ति जो निम्नलिखित स्थितियों से ग्रस्त हैं, आवेदन के लिए पात्र हैं.

i) संपूर्ण दृष्टि का अभाव

ii) वास्तव में सुधारात्मक लेंस के साथ बेहतर आँखों में 6/60 या 20/200(सेलेन) से अधिक नहीं होनी चाहिए.

iii) दर्शन क्षेत्र की सीमा विरुद्ध दिशा में 20 डिग्री का कोण बनाती हो या उससे कम

क) विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की सुरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के अध्याय 1, अनुच्छेद 2 (यू) परिभाषित उम्मीदवार जिनके पास कम दृष्टि है.

ड) ऑनलाइन परीक्षा के समय, सिर्फ़ नेत्रहीन/कम दृष्टि उम्मीदवार और वे उम्मीदवार जिनकी लेखन गति मस्तिष्क पक्षाघात से प्रभावित है, वे अपने स्वयं के खर्च पर लेखक का इस्तेमाल कर सकते हैं। ऐसे मामलों में जहाँ एक लेखक का इस्तेमाल किया गया हो निम्नलिखित नियम लागू होंगे;

i) उम्मीदवार को अपने स्वयं के खर्च पर अपने लेखक की व्यवस्था करनी होगी.

ii) उम्मीदवार को ऑनलाइन परीक्षा के समय निर्धारित प्रारूप में एक उचित वचन देना होगा.

iii) नेत्रहीन/कम दृष्टि उम्मीदवार और अन्य उम्मीदवार जिनकी लेखन गति मस्तिष्क पक्षाघात से प्रभावित है, जो लेखक की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं या नहीं 20 मिनट के प्रतिपूरक समय की अनुमति दी जाएगी तथा/अथवा उसके भाग के लिए प्रतिपूरक समय हेतु पात्र होंगे बशर्तें कि वह उम्मीदवार वस्तुनिष्ठ एवं वर्णनात्मक दोनों परीक्षाओं के लिए लेखक का इस्तेमाल करता हो.

**2. परिलब्धियाँ:** विभिन्न श्रेणियों के लिए लागू वेतनमान ऊपर प्रस्तुत किया गया है. कर्मचारी डी. ए., एच. आर. ए. और सी. सी. ए. के लिए भी समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार पात्र होंगे. मुंबई में प्रतिवर्ष मुआवजा लगभग ₹12 लाख एमएमजीसी-III के अधिकारी के लिए और ₹10 लाख एमएमजीसी-II के अधिकारी के लिए है. **मासिक मुआवजे का ब्यौरा निम्नानुसार है:**

| क्र. | विवरण | एमएमजीसी-III | एमएमजीसी-II |
|---|---|---|---|
| 1. | नकद घटक | 51297 | 38855 |
| 2. | पीएफ के लिए बैंक का अंशदान | 2570 | 1940 |
| 3. | पेंशन के लिए बैंक का अंशदान | 5076 | 3832 |
| 4. | आवास (पट्टा किराए पर) | 34500 | 32500 |
| 5. | अनुलाभ (वाहन, अखबार, आव-भगत भत्ता, घर और फर्नीचर रखरखाव आदि) | 6708 | 6503 |

*जारी : पृष्ठ: 2 पर*

इसके अलावा, कर्मचारी अन्य लाभों के भी हकदार होंगे जैसे -

(i) डाक्टरी सहायता स्वयं के लिए (100%) और परिवार के लिए (75%)

(ii) घर यात्रा रियायत/अवकाश किराया रियायत

(iii) घर/वाहन/पर्सनल ऋणों के लिए रियायती ब्याज दरें

वेतनमान संशोधन के अध्यधीन है.

3. **कैरियर पाथ:** दोनो पदों के लिए प्रोबेशन अवधि, कार्यग्रहण की तारीख से 1 वर्ष होगी. सफलतापूर्वक प्रोबेशन अवधि पूरा करने के बाद, अधिकारियों को संबंधित ग्रेड में स्थायी किया जाएगा और उन पर वर्तमान विशेषज्ञ संवर्ग स्थानापन्न एवं पदोन्नति नीति लागू होगी.
प्रोबेशन अवधि सहित पाँच वर्ष पूरे होने के बाद अधिकारी सामान्य संवर्ग में रूपांतरित होने का विकल्प अपना सकता है. सामान्य संवर्ग में रूपांतरण के मामले में, विशेषज्ञ संवर्ग में अधिकारियों की वरिष्ठता को भविष्य में सभी प्रमोशन के लिए सुरक्षित रखा जाएगा.

4. **चयन प्रक्रिया**

**उम्मीदवारों का चयन परीक्षण, समूह चर्चा और साक्षात्कार के आधार पर होगा.**

**चरण I**

**200 अंकों के लिए वस्तुनिष्ठ और 50 अंकों के लिए वर्णनात्मक परीक्षा को मिलाकर चरण I बना है. दोनो परीक्षाएँ ऑनलाइन होंगी. उम्मीदवारों को वर्णनात्मक परीक्षा के जवाब भी ऑनलाइन देना आवश्यक होगा.**

**परीक्षा स्वरूप**

| वस्तुनिष्ठ परीक्षा : ऑनलाइन | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अ. क्र. | परीक्षा विवरण | प्रश्नों की संख्या | अंक | समय |
| 1. | बैंकिंग ज्ञान | 50 | 50 | 120 मिनट |
| 2. | डेटा व्याख्या और विश्लेषण | 50 | 50 | |
| 3. | तर्क | 50 | 50 | |
| 4. | सामान्य जागरूकता | 50 | 50 | |
| वर्णनात्मक परीक्षा : ऑनलाइन | | | | |
| | अंग्रेजी भाषा परीक्षा: (पत्र लेखन और निबंध) | | 50 | 75 मिनट |

उम्मीदवार को हर वस्तुनिष्ठ परीक्षा में, बैंक द्वारा तय किए गए न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों के साथ योग्यता प्राप्त करनी आवश्यक है.

**केवल उन्हीं उम्मीदवारों के वर्णनात्मक परीक्षा पेपर का मूल्यांकन किया जाएगा जिन्होंने वस्तुनिष्ठ परीक्षा में से प्रत्येक में अर्हक अंक पाएं हैं और वस्तुनिष्ठ परीक्षा में कुल अंकों के अनुसार पर्याप्त रूप से उच्च स्तर पर रखे गए हों.**

उम्मीदवार को हर वर्णनात्मक परीक्षा में, बैंक द्वारा तय किए गए न्यूनतम उत्तीर्ण अंकों के साथ योग्यता प्राप्त करनी आवश्यक है.

**चरण II**

**समूह चर्चा (20 अंक) और साक्षात्कार (30 अंक)**

अर्हता पानेवाले उम्मीदवारों के वस्तुनिष्ठ परीक्षा और वर्णनात्मक परीक्षा के कुल अंक, प्रत्येक श्रेणी में अवरोही क्रम में रखे जाएंगे. प्रत्येक श्रेणी में रिक्त पदों की संख्या के सिर्फ अधिकतम तीन बार उम्मीदवारों को समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा.
समूह चर्चा और साक्षात्कार के लिए अर्हता अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

**अंतिम चयन**

उम्मीदवारों को चरण I और चरण II दोनों में अलग-अलग अर्हता प्राप्त करनी होगी.
लिखित परीक्षा (250 अंक) में से उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंक 75 में परिवर्तित किए जाते हैं और समूह चर्चा और साक्षात्कार (50 अंक) में से प्राप्त अंक 25 में परिवर्तित किए जाते हैं. प्रत्येक श्रेणी के लिए 100 में से परीक्षण और समूह चर्चा और साक्षात्कार के परिवर्तित अंक जोड़ने के बाद अंतिम योग्यता सूची तैयार की जाएगी.
प्रत्येक श्रेणी में टॉप मेरिट में स्थान पाने वाले उम्मीदवारों का चयन किया जाएगा.
चरण II के लिए योग्य उम्मीदवारों के परिणाम और अंतिम चयनित उम्मीदवारों की सूची बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध करायी जाएगी. अंतिम चयन सूची एम्प्लॉयमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में भी प्रकाशित की जाएगी.

5. **परीक्षा की तिथि: 19-09-2014**

6. **परीक्षा के केन्द्र:** अहमदाबाद, वड़ोदरा, बेंगलुरु, मैसूर, भोपाल, इंदौर, भुवनेश्वर, संबलपुर, चण्डीगढ़, लुधियाना, जम्मू, चेन्नई, मदुराई, गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, हैदराबाद, विजयवाड़ा, कोलकाता, आसनसोल, लखनऊ, वाराणसी, मुंबई, नागपुर, दिल्ली, जयपुर, पटना, राँची, कोच्चि, तिरुवनन्तपुरम.
तथापि, बैंक के पास किसी भी केन्द्र को जोड़ने या हटाने का अधिकार सुरक्षित है और बैंक उम्मीदवार को उसके द्वारा चुने हुए केन्द्र के अलावा अन्य केन्द्र आबंटित कर सकता है.

7. **आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (अप्रतिदेय)**

| अ. क्र. | श्रेणी | कुल |
|---|---|---|
| 1. | एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी | ₹ 100/- (सिर्फ़ सूचना प्रभार) |
| 2. | सामान्य और अन्य | ₹ 500/-(आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार) |

एक बार भुगतान किया हुआ आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार किसी भी परिस्थिति में वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा अथवा चयन के लिए इसे आरक्षित रखा जाएगा.
आवेदन शुल्क/सूचना प्रभार के ऑनलाइन भुगतान के लिए बैंक लेन-देन प्रभार उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा.

8. **आवेदन कैसे करें:**
विस्तृत दिशानिर्देश प्रक्रिया अ) आवेदन पंजीकरण ब) शुल्क का भुगतान स) फोटो और हस्ताक्षर स्कैन और अपलोड के लिए बैंक की वेबसाइट www.statebankofindia.com या www.sbi.co.in में हमारे साथ करियर - विशेष प्रबंधन कार्यपालकों (बैंकिंग) की भर्ती देखें.

9. **लिखित परीक्षा के लिए कॉल लेटर (बुलावा पत्र):**
उम्मीदवारों को 05.09.2014 से बैंक की वेबसाइट पर अपना पंजीकरण नंबर और पासवर्ड/जन्मतिथि दर्ज करके अपना कॉल लेटर तथा "एक्वेंट यूवरसेल्फ" पुस्तिका को डाउनलोड करना होगा. **डाक से कॉल लेटर/"एक्वेंट यूवरसेल्फ" पुस्तिका की हार्ड कॉपी नहीं भिजवायी जाएगी.**

10. **परीक्षा के समय पहचान का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा:**
उम्मीदवार अपने साथ फोटो वाला पहचान का प्रमाण जैसे कि पासपोर्ट/आधार/पैन कार्ड/ड्राइवींग लाइसेंस/मतदाता पहचान पत्र/सत्यापित फोटोग्राफ वाला बैंक पासबुक/स्कूल या कॉलेज द्वारा जारी परिचय पत्र/राजपत्रित अधिकारी द्वारा अपने शासकीय लेटर हेड में जारी परिचय-पत्र मूल रूप में तथा सत्यापित फोटोकॉपी लेकर आएं. **बुलावा पत्र के साथ पहचान प्रमाण की फोटोकॉपी परीक्षा हॉल में परीक्षा पर्यवेक्षक के पास प्रस्तुत की जानी चाहिए, ऐसा न करने पर या किसी उम्मीदवार की पहचान संदिग्ध होने पर, उस उम्मीदवार को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी.**

11. **कदाचार में दोषी उम्मीदवारों के विरुद्ध कार्रवाई:**
उम्मीदवारों को सावधान किया जाता है कि आवेदन पत्र भरते समय ऐसे कोई विवरण न दें जो झूठे हों, जिनके साथ छेड़छाड़ की गई हो/मनगढ़ंत हों और वे कोई भी जानकारी न छिपाएँ.
लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के समय यदि कोई उम्मीदवार
(i) परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों का प्रयोग या (ii) किसी और के नाम पर परीक्षा देने का या किसी और को अपने नाम से परीक्षा देने के लिए भेजना (iii) परीक्षा हॉल में दुर्व्यवहार या (iv) चयन हेतु अपनी उम्मीदवारिता के संबंध में किसी अनियमित एवं अनुचित साधनों का प्रयोग (v) किसी भी अनुचित साधनों द्वारा अपनी उम्मीदवारिता के लिए सहारा लेने में दोषी पाए जाते हैं, तो ऐसे उम्मीदवार आपराधिक मुकदमे हेतु उत्तरदायी होने के साथ साथ.

ए) जिस परीक्षा में वह उम्मीदवार है, उसमें अयोग्य घोषित होने.

बी) एक निश्चित समय या हमेशा के लिए बैंक द्वारा आयोजित परीक्षा या भर्ती में भाग लेने से वंचित रहने का उत्तरदायी होगा.

12. **समान प्रवृत्तियों की जांच हेतु बैंक उम्मीदवार के उत्तरों (रिस्पॉन्स) का विश्लेषण दूसरे उम्मीदवारों के साथ करेगा. इस विश्लेषण के आधार पर यदि यह शंका पाई जाती है कि उत्तर साझे स्तर पर किए गए हैं और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं हैं, तो बैंक के पास उसकी उम्मीदवारिता को समाप्त करने के समस्त अधिकार सुरक्षित हैं.**

13. **मोबाइल फोन, पेजर्स, कैलक्युलेटर्स या ऐसे किसी अन्य साधन का इस्तेमाल करना**
(i) परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, पेजर्स या अन्य कोई संचार साधन ले जाने की अनुमति नहीं है. जो उम्मीदवार इन अनुदेशों का उल्लंघन करेगा उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी और उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें भविष्य की परीक्षाओं में प्रतिबंध करना भी शामिल है.
(ii) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि प्रतिबंधित चीजें, जैसे कि मोबाइल फोन/पेजर्स आदि परीक्षा केंद्र में न लाएं, क्योंकि इनको सुरक्षा के साथ रखने का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है.
(iii) उम्मीदवारों को परीक्षा परिसर में कैलक्युलेटर्स इस्तेमाल करने या रखने की अनुमति नहीं है.

14. **सामान्य जानकारियाँ:**
(i) उम्मीदवार स्वयं सुनिश्चित करें कि वह आवेदित पद के लिए पात्र हैं, बैंक ऑन-लाइन आवेदन में प्रस्तुत सूचना के आधार पर अपेक्षित शुल्क के साथ पदों के लिए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति देगा और उनकी पात्रता का निर्धारण केवल साक्षात्कार के समय किया जाएगा.
(ii) उम्मीदवार जो सरकारी/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत हैं, उनको साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाणपत्र' प्रस्तुत करने की सलाह दी जाती है, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा खर्च, यदि कोई हो, अन्यथा स्वीकार्य हो, का भुगतान नहीं किया जाएगा.
(iii) चयन के मामले में, उम्मीदवारों की नियुक्ति के समय नियोक्ता से उचित कार्य-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.
(iv) यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो एससी/एसटी उम्मीदवारों से भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
(v) ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आरक्षण की मांग करने वाले उम्मीदवारों द्वारा निर्धारित प्रारूप में इस आशय की एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी कि वह 11.08.2014 को क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं है.
यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो ऐसे उम्मीदवारों द्वारा 01.04.2014 से साक्षात्कार की तारीख तक की अवधि के दौरान जारी 'गैर क्रीमी लेयर' खंड वाला ओबीसी प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
**(vi) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वह शुल्क जमा करने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना ऑनलाइन आवेदन करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जैम के कारण वेबसाइट को लॉग ऑन करने में नाकामी/अक्षमता/डिसकनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.**
**(vii) उपरोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य किसी कारण से उम्मीदवार द्वारा अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन जमा न कर पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.**
**(viii) उम्मीदवार को एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं करना चाहिए, अगर कई आवेदन भेजे जाते हैं, तो केवल अंतिम वैध (भरे हुए) आवेदन को ही रखा जाएगा तथा अन्य पंजीकरण के लिए आवेदन शुल्क/सूचना शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा. किसी उम्मीदवार द्वारा ऑनलाइन परीक्षा/साक्षात्कार में कई जगह उपस्थिति देने/शामिल होने पर उसकी उम्मीदवारिता को तुरंत रद्द कर दिया जाएगा.**
**(ix) परीक्षा के संचालन में कुछ समस्याओं के होने की संभावना से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता है, जिससे परीक्षा देने और/या परिणाम पाने की स्थिति प्रभावित हो सकती है. ऐसी स्थिति में, ऐसी समस्या को सुधारने के लिए पूरी कोशिश की जाएगी, जिससे आवश्यक समझे जाने पर एक और परीक्षा का लिया जाना भी शामिल है.**
(x) भर्ती के किसी भी चरण में जब पता चलता है कि उम्मीदवार ने पात्रता मापदंडों को पूरा नहीं किया है और/या उसने किसी भी गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी सामग्री तथ्य (तथ्यों) को छिपाया है, तो ऐसे मामले में उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी. अगर इनमें से कोई कमी है/नियुक्ति के बाद भी पता चलता है, तो उसकी सेवा को समाप्त कर दिया जाएगा.
(xi) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचना, कॉल लेटर्स/साक्षात्कार सूचना आदि को प्राप्त करने के लिए अपना ईमेल आईडी सक्रिय रखें.
(xii) चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सा की दृष्टि से उन्हें स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन है.
(xiii) सभी मामलों में बैंक का निर्णय पात्रता, परीक्षा, अन्य परीक्षा और चयन से संबंधित अंतिम और सभी उम्मीदवारो के लिए बंधनकारी होगा. इस मामले में बैंक द्वारा किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.
(xiv) इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्युत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद हेतु कानूनी कार्रवाई मुंबई में ही शुरू की जा सकेगी और केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम को ही ऐसे मामला/विवाद को निपटाने का एकल और एकमात्र अधिकार होगा.

**किसी भी प्रकार की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी**

**मुंबई,**

**तारीख : 21.07.2014**

**महाप्रबंधक**

**यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट http://www.statebankofindia.com या http://www.sbi.co.in. पर भी उपलब्ध है:**

**मुद्रण त्रुटि यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं होगा.**